क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एफ: 470,यू.सी.सी.आई. भवन के पास,मेवाड़ औधोगिक क्षेत्र, मादडी, उदयपुर (राज.)
ई–मेल : rorpcbudaipur@gmail.com फोन नं. : 0294-2491269

No.: RPCB/RO U/UDR/

Dated :

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सुचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की **श्री सिमरदीप सिंह** द्वारा क्वार्टज एवं फैल्सपार (अप्रधान खनिज) खदान खनन पट्टा संख्या 19/2018 खनन क्षेत्रफल 4.0120, उत्पादन क्षमता 199422, (कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 16.4583 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 977417 टन प्रति वर्ष आर.ओ.एम.), निकट ग्राम– बोडकी, तहसील– लसाडिया, जिला– उदयपुर से सम्बंधित क्लस्टर प्रस्तावित परियोजना बाबत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं।
2. चूंकी **श्री सिमरदीप सिंह,** खनन पट्टा खनन पट्टा संख्या 19/2018 खनन क्षेत्रफल 4.0120, उत्पादन क्षमता 199422, टन प्रति वर्ष आर.ओ.एम. द्वारा बोडकी क्वार्टज एवं फैल्सपार (अप्रधान खनिज) माइन क्लस्टर परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के सम्बंध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेज के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (यहां तथा बाद में मंडल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं। क्लस्टर में सम्मिलित अन्य खनन परियोजनाए 1. **श्री मांगु** एम एल न. 01/2018, एरिया 3.8605 हैक्टेयर 2. **श्री रतन लाल** एम एल न. 02/2018, एरिया 2.2781 हैक्टेयर 3. **श्री मांगु** एम एल न. 03/2018, एरिया 2.9215 हैक्टेयर 4. **श्री रामदेव तेली** एम एल न. 05/2018, एरिया 3.3862 हैक्टेयर (कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 16.4583 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 977417 टन प्रति वर्ष आर.ओ.एम.) हैं।
3. चूंकी मंडल को उक्त परियोजना हेतु भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसुचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14/09/2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सुचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य हैं।
4. उक्त परियोजना से सम्बंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है –
   1) कार्यालय जिला कलेक्टर, उदयपुर।
   2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय – 4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर
   3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए–216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डुँगरी, जयपुर।
   4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.)
   5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, उदयपुर।
   6) कार्यालय उपखंड अधिकारी, तहसील लसाडिया, जिला उदयपुर ।
   7) कार्यालय ग्राम पंचायत, ग्राम– बोडकी, तहसील– लसाडिया, जिला– उदयपुर ।
   8) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ–प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर।
   9) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ–470, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, मादडी उदयपुर (राज.)

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आप उक्त परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति से संबधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 28/06/2022 (मंगलवार) को दोपहर 11.30 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बोडकी, जिला–उदयपुर** में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सुचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर में भी प्रस्तुत कर सकते हैं। यह आम सुचना वैश्विक महामारी कोविड–19 से संबधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानो/सावधानियो की पालना सुनिश्चित करनी होगी ।

क्षेत्रीय अधिकारी